प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 22.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलात मंत्री किरेन रिजिजू ने आज अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के सालाना उर्स के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दरगाह में चादर पेश कीं श्री रिजिजू ने देश और दुनिया में शांति और खुशहाली की दुआ कीं इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री के संदेश को भी पढ़ां इससे पहले श्री रिजिजू ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वे अपने आप को खुशनसीब मानते है कि उन्हें यहां चादर चढाने का दोबारा मौका मिलां

.....

0000

मौजूदा राज्य सरकार के दो साल का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में आज झालवाड़ के डग क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन आयोजित किया जायेगां मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा इसमें शिरकत करेंगें श्री शर्मा कई अन्य कार्यक्रमों में भी भाग लेंगें मुख्यमंत्री कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगें मुख्यमंत्री गोवर्धन बायोगैस प्लांट और सीता वाटिका का भी अवलोकन करेंगें

0000

राष्ट्रीय महिला आयोग ने युवा शोध फैलोशिप कार्यक्रम–शक्ति फैलोशिप की शुरुआत की हैं इसमें भारत में महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर शोध के लिए युवा छात्रों और शोधकर्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं

इस फैलोशिप का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा, लिंग आधारित हिंसा, कानूनी अधिकार और न्याय, साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, आर्थिक सशक्तिकरण और श्रम भागीदारी जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर व्यापक शोध को प्रोत्साहित करना हैं किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक की उपाधि प्राप्त किए हुए 21 से 30 वर्ष के नागरिक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं आयोग ने बताया कि चयनित उम्मीदवारों को छह महीने के शोध अध्ययन के लिए एक लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगां आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर हैं

00000

देशभर में आज प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जा रहा हैं इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों में गणित के महत्व और वैज्ञानिक प्रगति में इसकी भूमिका पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैंभारत सरकार ने वर्ष 2011 में रामानुजन के असाधारण योगदान को सम्मान देते हुए 22 दिसंबर को गणित दिवस के रूप में घोषित किया थां श्रीनिवास रामानुजन के शोध और सिद्धांत एक शताब्दी बाद भी आधुनिक गणित को प्रभावित कर रहे हैं इस दिवस का उद्देश्य गणितीय शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देना हैं

00000

पाली में आयोजित दो दिवसीय रणकपुर–जवाई बांध महोत्सव के दूसरे दिन आज विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं इससे पहले, महोत्सव के पहले दिन कल पर्यटकों ने जीप सफारी और साहसिक गतिविधियों का आनंद लियां शाम को रणकपुर मंदिर परिसर में भव्य दीपदान किया गया, जिसमें जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लियां कल रात लोक कलाकारों और मुंबई के एक समूह ने भजनों और लोक गीतों की प्रस्तुतियां दीं

00000

प्रदेश में आज विभिन्न स्थानों पर सुबह घना कोहरा छाया रहां जयपुर के बाहरी क्षेत्रों में दृश्यता घटकर महज 10 मीटर तक रह गई, जबकि सीमावर्ती जिले जैसलमेर और श्रीगंगानगर में भी कोहरे का असर देखा गयां मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश में तापमान में अस्थिरता बनी हुई हैं जहां एक ओर रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, वहीं दिन के तापमान में गिरावट आई हैं कल प्रदेश के कई शहरों में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गयां सबसे ठंडा दिन अलवर में रहा जहां अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस

रिकॉर्ड किया गयां मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का असर आज भी बना रहेगा और कुछ क्षेत्रों में आंशिक बादल छा सकते हैं
उन्होंने कहा कि कल से उत्तर भारत से ठंडी हवाओं का असर बढ़ेगा, जिससे न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना हैं साथ ही उत्तर–पूर्वी और उत्तर–पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में फिर से घना कोहरा छा सकता हैं
00000
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 दिसम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगीं इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं ये सुझाव 26 दिसम्बर तक स्वीकार किए जाएंगें
0000